MPPSC UPSC

MPSI IAS IPS

# विश्व डिजिटल प्रतिस्पर्धा

**भूमिका :-** भारत विश्व डिजिटल प्रतिस्पर्धा के मामले में चार पायदान उछलकर 44वें स्थान पर पहुंच गया है। यह बात एक वैश्विक रिपोर्ट में कही गई है। भारत ने डिजिटल प्रतिस्पर्धा के मामले में चार पायदान की छलांग लगायी है।

भारत ने डिजिटल प्रौद्योगिकी की खोज तथा उसे अपनाने हेतु ज्ञान और भविष्य की तैयारियों के मामले में सुधार दर्ज किया है। भारत इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (आईएमडी) की विश्व डिजिटल प्रतिस्पर्धात्मकता रैंकिंग 2019 के मुताबिक, भारत साल 2018 में 48 वें स्थान से आगे बढ़कर साल 2019 में 44 वें पायदान पर पहुंच गया है।

भारत के सभी कारकों- ज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य की तैयारी के मामले में बहुत ही अच्छा सुधार दर्ज किया है। आईएमडी की ओर से तैयार की गई सूची में अमेरिका को शीर्ष स्थान पर रखा गया है।

**सूची से संबंधित मुख्य तथ्य :-**

- आईएमडी की ओर से जारी इस सूची में अमेरिका पहले स्थान पर है। वे डिजिटल रूप से विश्व की सबसे प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था है।
- इस सूची में इसके बाद दूसरे स्थान पर सिंगापुर, तीसरे स्थान पर स्वीडन, चौथे पर डेनमार्क तथा पांचवे पर स्विट्जरलैंड है।
- डिजिटल प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं में शीर्ष दस में नीदरलैंड छठे स्थान पर, फिनलैंड सातवें स्थान पर, हांगकांग आठवें स्थान पर, नॉर्वे नौवें स्थान पर तथा कोरिया गणराज्य दसवें स्थान पर है।
- चीन ने रैंकिंग में सबसे लंबी छलांग लगाई है, वे 30वें स्थान से 22 वें स्थान पर पहुंच गया है। इंडोनेशिया इसके बाद 62 वें स्थान से 56वें स्थान पर पहुंचा है।
- इस सूची में कई एशियाई देशों ने भी बढ़त हासिल की है। हांगकांग एसएआर आठवें स्थान पर, कोरिया गणराज्य दसवें स्थान पर है। इस सूची में ताइवान और चीन भी आगे बढ़कर 13 वें स्थान और 22वें स्थान पर रहे हैं।

# ऑनलाइन पर्यटक वीजा

**भूमिका :-** सऊदी अरब ने 27 सितंबर 2019 को घोषणा की वह पहली बार ऑनलाइन पर्यटक वीजा देने जा रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सऊदी अरब अब पर्यटक वीजा जारी करेगा। सऊदी अरब ने यह घोषणा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर किया।

सऊदी अरब अब अपनी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने हेतु तेल पर निर्भरता कम करना चाहता है। पर्यटन बढ़ने से सऊदी अरब की आय बढ़ेगी। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान इसके लिए विजन 2030 कार्यक्रम सामने प्रस्तुत कर चुके हैं। उनके विजन 2030 के सुधार कार्यक्रम में पर्यटन को मुख्य केंद्र बिंदु में रखा गया है।

**ऑनलाइन पर्यटक वीजा :-** सऊदी अरब ने 49 देशों के नागरिकों के लिए ऑनलाइन पर्यटक वीजा हेतु आवेदन शुरु करने जा रहा है। महिला यात्रियों को भी पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु खास सुविधा मिलेगी। सऊदी अरब द्वारा विदेशी महिलाओं के लिए सख्त ड्रेस कोड के नियम खत्म कर दिए जाएंगे। नए नियमों के मुताबिक महिला पर्यटकों को सऊदी में चेहरे को ढंकने की जरुरत नही होगी। लेकिन उन्हे केवल शालीन कपडे ही पहनने होंगे। सऊदी अरब में साल 2020 तक करीब 30 लाख महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस दिए जाने का लक्ष्य है।

**सऊदी अरब में अब तक वीजा किसको जारी होता था :-** सऊदी अरब में मौजूदा समय में केवल विदेश से नौकरी के लिए आने वाले कामगारों, उनके परिवारवालों तथा मक्का - मदीना जाने वाले मुस्लिम तीर्थयात्रियों हेतु ही वीजा जारी होता है।

**सऊदी में यूनेस्को की पाँच विश्व विरासत स्थल :-** सऊदी अरब में यूनेस्को की पाँच विश्व विरासत स्थल, शानदार स्थानीय संस्कृति और प्राकृतिक संपदा है। सऊदी अरब के पर्यटन मंत्री अहमद अल-खतीब ने कहा कि सऊदी अरब को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए खोलना हमारे देश के लिए एक बहुत ही ऐतिहासिक समय है।

**Online Test Series**
www.kautilyaacademy.in
CONTACT - +91 9111010991, 9425068121, 8718990943
Payal Plaza, Bhawarkuan Rd, Opp Bhawarkuan Police Station, Professor's Colony, Vishnu Puri Colony, Indore, Madhya Pradesh 452001

# विश्व पर्यटन दिवस 2019

**भूमिका :-** विश्व पर्यटन दिवस प्रत्येक साल 27 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिवस का लक्ष्य लोगों को पर्यटन के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह बताना है की पर्यटन किस तरह से रोजगार निर्माण, स्थाई समाज तथा समावेशी विकास हेतु जरूरी है और पर्यटन कैसे प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण के लिए भी अहम है।

यह दिवस विश्वभर के लोगों में आपसी समझ बढ़ाने में सहायता कर सकता है। विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर विश्वभर में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। विश्व पर्यटन दिवस का एक मुख्य उद्देश्य यह भी है की पर्यटन को बढ़ावा देना और पर्यटन के द्वारा अपने देश की आय को बढ़ाना है।

**विश्व पर्यटन दिवस की थीम :-** "टूरिज्म एंड जॉब : अ बेटर फ्यूचर फॉर आल" है। इस साल विश्व पर्यटन दिवस 2019 की मेजबानी भारत करने जा रहा है। विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी प्रत्येक साल अलग-2 देश करते हैं।

**विश्व पर्यटन दिवस का महत्व :-** विश्व पर्यटन दिवस मनाने की शुरुआत पर्यटन का महत्व तथा लोकप्रियता को देखते हुये की गई। पर्यटन के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन प्रत्येक साल विश्व पर्यटन दिवस की थीम अलग-2 रखता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने साल 1980 से 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया था। विश्व पर्यटन दिवस के लिए 27 सितंबर का दिन इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन साल 1970 में विश्व पर्यटन संगठन का संविधान स्वीकार किया गया था।

**विदेशी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी :-** पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2017 में करीब 1.65 अरब घरेलू पर्यटकों ने सैर की। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। आंकड़ों के अनुसार, साल 2018 में एक करोड़ पाँच लाख पर्यटक भारत आये थे।

Online Test Series
www.kautilyaacademy.in
CONTACT - +91 9111010991, 9425068121, 8718990943
Payal Plaza, Bhawarkuan Rd, Opp Bhawarkuan Police Station, Professor's Colony, Vishnu Puri Colony, Indore, Madhya Pradesh 452001

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74 वें सत्र को संबोधित किया

**भूमिका :-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74 वें सत्र को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी का संयुक्त राष्ट्र महासभा में यह दूसरा संबोधन था। पिछली बार 2014 में प्रधानमंत्री मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री मोदी ने हिन्दी में ही अपनी बात रखी।

प्रधानमंत्री का उद्बोधन आतंकवाद, स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन, गरीबी उन्मूलन जैसे मुद्दों पर केंद्रित था।

**प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के मुख्य बिंदु :-**

- **आतंकवाद और शांति :-** • आतंकवाद मानवता और दुनिया के लिए चुनौती हैं। इस मुद्दे पर बंटी हुई दुनिया उन सिद्धांतों को चोट पहुंचाती है, जिसके आधार पर यूएन का गठन हुआ है।
- सवा सौ साल पहले स्वामी विवेकानंद ने विश्व धर्म संसद से दुनिया को एक संदेश दिया था। यह संदेश था, सद्भाव और शांति। भारत की ओर से आज भी दुनिया के लिए यही संदेश है।
- पूरा विश्व इस साल महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती मना रहा है। सत्य और अहिंसा का उनका संदेश विश्व की शांति और प्रगति के लिए आज भी महत्वपूर्ण है।
- **जलवायु परिवर्तन :-** हमारा कार्बन उत्सर्जन और ग्लोबल वार्मिंग में सबसे काम योगदान रहा है, लेकिन पर्यावरण के लिए हमारे प्रयास बड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इंटरनेशनल सोलर अलायंस की स्थापना का भी जिक्र किया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आने वाले 5 सालों में हम जल संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही 15 करोड़ घरों को पानी की सप्लाई से जोड़ने वाले हैं।
- **स्वच्छता और स्वास्थ्य :-** भारत में स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे मिशन की बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमने 5 साल में 11 करोड़ शौचालय दिए हैं।

KAUTILYA ACADEMY INDORE

Online Test Series
www.kautilyaacademy.in
CONTACT - +91 9111010991, 9425068121, 8718990943
Payal Plaza, Bhawarkuan Rd, Opp Bhawarkuan Police Station, Professor's Colony, Vishnu Puri Colony, Indore, Madhya Pradesh 452001

- दुनिया ने टीबी से मुक्ति के लिए 2030 का समय रखा है, लेकिन हम 2025 तक भारत को इससे मुक्त करने के लिए काम कर रहे हैं।
- भारत दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ स्कीम चला रहा है। 50 करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपये के इलाज की मदद दी जा रही है।

गरीबी उन्मूलन:- प्रधानमंत्री ने जनधन अकाउंट, बैंकों में सीधी सब्सिडी का भी जिक्र किया।

- हम अगले 5 सालों में दूरदराज के गाँवों को जोड़ने के लिए सवा लाख किलोमीटर से ज्यादा सड़कें बनाने जा रहे हैं।
- 2022 तक हम गरीबों के लिए दो करोड़ और घरों का निर्माण करने जा रहे हैं।

By- Pankaj Bodiya

KAUTILYA ACADEMY INDORE

Online Test Series
www.kautilyaacademy.in
CONTACT - +91 9111010991, 9425068121, 8718990943
Payal Plaza, Bhawarkuan Rd, Opp Bhawarkuan Police Station, Professor's Colony, Vishnu Puri Colony, Indore, Madhya Pradesh 452001